1	2	3	4	5
41	Potato (PSS)	..	..	4.82
42	Grapes	0.83	..	..
43	Eggs	2.71	1.02	3.32
44	Large Car domom	..	..	1.78
45	Black Pepper	1.26	0.86	1.07
46	Fennel Seed	..	0.25	—
47	Turmeric Powder	0.03	0.35	..
48	Turmeric	..	..	0.05
49	Cardomom Small	0.59	..	0.66
50	Methi	..	0.25	..
51	Chillies	6.83	0.67	0.1
52	Garlic	14.63	3.61	7.34
53	Dry Ginger	3.47	4.18	1.60
54	Coriander Seed	1.66	0.98	..
55	Mace	..	1.35	..

दिल्ली में गांवों का विकास

2778. **श्री सूरज प्रसाद :** क्या शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली विकास प्राधिकरण तथा दिल्ली नगर निगम के अधिकारी गांव बाबरपुर, छज्जुपुर, जाफराबाद, कबीरनगर आदि गांव तथा दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा निर्मित 256 फ्लैटों का विकास कार्य हाथ में नहीं ले रहे हैं ; और

(ख) यदि हां, तो सरकार दिल्ली विकास प्राधिकरण तथा दिल्ली नगर निगम के बीच झगड़े के समाचार के कारण आवंटितियों को उस क्षेत्र में निर्मित फ्लैटों का कब्जा देने के लिए क्या कदम उठा ही है ;

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री दलबीर सिंह) : (क) बाबरपुर, छज्जुपुर और जाफराबाद ग्रामों में इन ग्रामों की पुरानी आबादी के अन्दर सुधार कार्य दिल्ली नगर निगम द्वारा किए जा रहे हैं। कबीर नगर में, जो एक अनधिकृत कालोनी है, दिल्ली नगर निगम द्वारा नीति के अनुसार कोई कार्य नहीं किया जा रहा है।

दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा जाफराबाद में निर्माण किए गए निम्न आय वर्ग के 256 मकानों में विकास कार्य दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा किया गया है।

(ख) जाफराबाद में निम्न आय वर्ग के मकानों के आवंटन का कार्य प्रगति पर है और 5 व्यक्ति इन फ्लैटों का कब्जा पहले ही ले चुके हैं।